**भारत सरकार**

**नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 491**

**बुधवार, दिनांक 23 जुलाई, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु**

**<u>सौर पीवी मॉड्यूल के लिए पीएलआई योजना</u>**

**491. श्रीमती बिजुली कलिता मेधीः** क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उच्च दक्षता पर राष्ट्रीय कार्यक्रम "सौर पीवी मॉड्यूल उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना" के मुख्य उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है और यह देश में घरेलू विनिर्माण क्षमता को किस प्रकार बढ़ाएगी;

(ख) पीएलआई योजना के अंतर्गत सौर पीवी विनिर्माताओं के लिए पारदर्शी चयन प्रक्रिया किस प्रकार देश में उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल उत्पादन के लिए समग्र पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान करती है; और

(ग) सौर पीवी मॉड्यूल के लिए पीएलआई योजना के सफल कार्यान्वयन से अपेक्षित संभावित आर्थिक प्रभावों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री**

**(श्री श्रीपाद येसो नाईक)**

(क) उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूलों के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का उद्देश्य भारत में उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूलों के निर्माण को बढ़ावा देना और इस प्रकार सौर ऊर्जा क्षेत्र के लिए आयात पर निर्भरता कम करना है। उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूलों के लिए पीएलआई योजना के अंतर्गत, 48,337 मेगावाट क्षमता की पूर्ण/आंशिक रूप से एकीकृत सौर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए आवंटन पत्र (लेटर ऑफ अवार्ड) जारी किए जा चुके हैं।

(ख) उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूलों के लिए पीएलआई योजना के अंतर्गत, पीएलआई की राशि, पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से योजना के अंतर्गत चयनित सौर पीवी विनिर्माताओं द्वारा निर्मित सौर पीवी मॉड्यूलों में स्थानीय सामग्री से जुड़ी होती है। पीएलआई राशि को सौर पीवी मॉड्यूलों में स्थानीय सामग्री के अनुपात से जोड़ने से देश में सौर पीवी विनिर्माण इकोसिस्टम के विकास के अवसर पैदा होते हैं, जिससे भारत में उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल उत्पादन के लिए समग्र अंतरव्यवस्था तंत्र में योगदान होता है।

(ग) सफल बोलीदाताओं द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिनांक 30.06.2025 की स्थिति के अनुसार, इस योजना के तहत 48,120 करोड़ रुपये (लगभग) का निवेश और लगभग 38,500 व्यक्तियों के लिए रोजगार का सृजन हुआ है।

*****